तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 रायपुर दक्षिण उपचुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी तय...

11 राशन कार्डों के ई-केवाईसी और नवीनीकरण में तेजी लाएं: लंगेह


## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



**(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-**
**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**
ADVT.

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज रामचंडी दिवस में होंगे शामिल



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार 16 अक्टूबर को जिले के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से सुबह 9:20 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना होकर सुबह 10 बजे बसना विकासखंड के गढ़फुलझर रामचंडी मंदिर स्थित मैदान पहुंचेंगे। वहां रामचंडी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। 10:30 बजे गढ़फुलझर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मंदिरों में कल मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

**महासमुंद।** शहर में शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मंदिरों में आयोजन होंगे। इस दिन ही रात के वक्त चंद्रमा की रोशनी में खीर बनाकर रखी जाएगी। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात माता लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करने आती हैं और भक्तों को सुखी संपन्न रहने का आशीर्वाद देती हैं। धन प्राप्ति के लिए मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए यह दिन बहुत खास होता है। इस दिन मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिरों में भगवान का श्वेत वस्त्रों से शृंगार किया जाएगा। कहीं खीर तो कहीं केसरयुक्त दूध का भोग अर्पित किया जाएगा। इसका महत्व साल की सभी 12 पूर्णिमा तिथियों में सबसे खास होता है। मान्यता है कि चंद्रमा की किरणों में रखी गई खीर का सेवन करने से कई रोग दूर हो जाते हैं और साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती हैं।

### देवउठनी एकादशी पर 12 को स्थानीय अवकाश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिला के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए गोवर्धन पूजा 01 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। जिसे परिवर्तित करते हुए देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) के अवसर पर मंगलवार 12 नवंबर 2024 को स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### सब्जी व्यवसायी महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के स्वामी चौक के पास रोड किनारे सब्जी बेच रही एक महिला के साथ तीन महिलाओं ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।
पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 02 इमलीभांठा निवासी रेखा ठाकुर पिता भरत सिंह ठाकुर 14 अक्टूबर को स्वामी चौक के रोड किनारे मेडिकल दुकान के सामने दुकान लगाकर सब्जी बेच रही थी और करीब 10 बजे अपना सब्जी सामान समेटकर घर जाने की तैयार कर रही थी। उसी समय प्रार्थिया के साथ बगल में सब्जी बेचने वाली सीता पटेल, पूजा पटेल एवं पार्वती ने पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व डंडा एवं पत्थर से मारपीट कर दिया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पटवारी के खिलाफ शिकायत की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भंवरपुर

**खबर का असर**

ग्राम उड़ेला के पटवारी के संबंध में ग्रामीणों से मिली रिश्वतखोरी के शिकायत की जांच के लिए नायब तहसीलदार जांच में पहुंचे। बता दें कि हरिभूमि ने अपने 12 अक्टूबर के अंक में इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद नायब तहसीलदार जांच करने उड़ेला पहुंचे।
बसना तहसील के भंवरपुर उपतहसील के रानिमं जमदरहा अंतर्गत उड़ेला गांव के पटवारी तिलकराम चौधरी पर ग्रामीणों ने रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग की थी। पश्चात एसडीएम द्वारा जांच के आदेश जारी किए गए लेकिन, आदेश के 20 दिन बाद भी नायब तहसीलदार जांच में नही पहुंचे जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी हरिभूमि को दी और 12 अक्टूबर को समाचार प्रकाशन के बाद सोमवार को नायब तहसीलदार भंवरपुर अपर्ण कुमार कुर्रे देर शाम मामले की जांच में पहुंचे।

## ग्रामीणों ने बताई पीड़ा, कहा- बहुत परेशान हैं, हटाए जाने की मांग

**आदेश के बाद भी नहीं हो रही थी जांच, खबर छपने के बाद तत्काल पहुंचे अधिकारी, अब कार्रवाई का इंतजार**




### ग्रामीणों ने क्या कहा

जांच में आए अधिकारी एवं टीम के समक्ष उड़ेला के ग्रामीण कृपाराम चौहान, रिंकू प्रीतम सिंह सिदार, गनपत रात्रे, लखे सिदार ने बयान दिया। कृपाराम चौहान ने बताया कि पटवारी तिलकराम चौधरी ग्रामीणों से हर काम के लिए पैसे की मांग करता है। छोटी-छोटी कामों को 10-15 दिन घुमाता है, जिससे हम सभी काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी लेने एसडीएम बसना एवं नायब तहसीलदार भंवरपुर से संपर्क करने की कोशिश की गई, पर नहीं हो पाया।

### कार्रवाई का इंतजार

ग्रामीणों ने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब उन्हें इंतजार है कि एसडीएम क्या कार्रवाई करते हैं।

**व्यवस्था:** मानसून सीजन खत्म होने के बाद काम में आई तेजी

# तीन महीने में लग चुके 16 हजार स्मार्ट बिजली मीटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में प्रीपेड बिजली की व्यवस्था शुरू करने के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। तीन महीने में 16 हजार मीटर लगाए जा चुके हैं। महासमुंद शहर में सबसे ज्यादा लगे हैं। बिजली विभाग का फोकस शत-प्रतिशत स्मार्ट लगाने पर है। मानसून सीजन में कार्य की गति धीमी थी। अब तेजी आई है।

पहले उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल जीरो करने का प्रयास है। इसके बाद ही प्रीपेड व्यवस्था शुरू की जाएगी। हालांकि, अभी विद्युत कंपनी से विस्तृत आदेश मिलने का इंतजार है। बताया जाता है कि लक्षित घरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद ही व्यवस्था शुरू की जाएगी। वर्तमान में शहरी इलाकों में महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा में ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीण एरिया में भी मीटर लगाने का काम चल रहा है।

बिजली विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत जुलाई महीने से शुरू हुई थी। 18 सितंबर तक 8 हजार उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लग चुके हैं। बारिश थमने के बाद अक्टूबर तक 16 हजार मीटर लगाए जा चुके हैं। हालाकि, मीटर लगाने के लिए 28 महीने का समय बाकी है। क्योंकि, जिले के 2 लाख 25 हजार घरों में 32 महीने के भीतर स्मार्ट मीटर लगाना है। मानसून सीजन खत्म होने के बाद अब इस काम में तेजी आएगी। जानकारी के मुताबिक नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को जितना यूनिट बिजली चाहिए, उतने का ही पहले रिचार्ज करना पड़ेगा। बैलेंस खत्म होते ही बिजली बंद हो जाएगी। स्मार्ट मीटर में एनआईसी कार्ड लगे होंगे। वर्तमान में बिजली विभाग का पूरा ध्यान उपभोक्ताओं से बकाया बिजली का बिल वसूलने में है।विभाग के अधिकारियों का कहना है न कि प्रीपेड बिजली की व्यवस्था कब से शुरू होगी, इस संबंध में अभी कोई ले गाइडलाइन नहीं आई है। सीएसपीडीसीएल के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने बताया कि स्मार्ट मीटर का कार्य लगातार जारी है। जिले में लगभग 16 हजार मीटर लगाए जा चुके हैं।



### अभी पोस्ट पेड व्यवस्था

वर्तमान में पोस्ट पेड व्यवस्था होने से लोगों को राहत है। बिजली खपत के आधार पर बिजली बिल आ रहा है। फिर भी उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। बीच-बीच में बिजली विभाग द्वारा सख्ती भी बरती जाती है। अभी करोड़ों का बिल बकाया है। जिसकी वसूली विभाग को करनी है। इसके बाद ही नई व्यवस्था शुरू होगी।

### बकायादारों को भुगतान के लिए दिया जा रहा समय

स्मार्ट मीटर व्यवस्था शुरू होने के पहले बकायादारों को समय दिया जा रहा है। किस्तों में बकाया राशि जमा करने की अपील की जा रही है। वहीं उपभोक्ताओं को अपने घर की बिजली खपत की जानकारी देने के लिए ऐप की भी सुविधा दी गई है। मोर बिजली ऐप पर भी बिजली संबंधित सारी जानकारी देखी जा सकेगी। ऐप में स्मार्ट मीटर से जुड़ी सारी जानकारी आसानी से मिल जाएगी। बिजली बंद की सूचना भी दी जाएगी। ऐप के माध्यम से ही पता चल जाएगा कि खपत कितनी हुई है। फिर डिमांड के आधार पर नई व्यवस्था के रिचार्ज कराना पड़ेगा।



**शिविर में कैडेटों ने जागरुकता अभियान चलाया**

# तीसरे दिन भी रोमांचक रहा पाल नौकायन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

1 सीजी नेवल युनिट एनसीसी रायपुर के लेफ्टिनेंट कमांडर पी. अनिरूद्ध कमान अधिकारी एवं नौ सैनिकों की अगुवाई में पाल नौकायन शिविर का तीसरा दिन रोमांचक रहा।

कोडार जलाशय में पाल नौकायन टीम सुबह 7 बजे से पाल नौकायन (सैलिंग एक्सपीडिसन शिविर) शुरू कर 20 किलोमीटर का सफर तय करते हुए शाम 4 बजे वापसी के साथ पूरा हुआ। बाकी कैडेटों द्वारा ग्राम बिरकोनी एवं तुमगांव में नाटक-नुक्कड़ किया गया। नाटक-नुक्कड़ के माध्यम से कैडेटों ने आम नागरिकों को पॉलीथिन से पर्यावरण में होने वाली हानि एवं हेल्थ एवं हाईजीन के बारे में संदेश दिया।



## बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद।** कबड्डी का मैच देखकर बाइक से वापस लौट रहे दो युवकों की दूसरे बाइक की टक्कर से मौत हो गई। पटेवा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 14 अक्टूबर को कृष्णा दीवान अपने साथी रामाधर दीवान के साथ ग्राम नरतोरा से कबड्डी का मैच देखकर मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीजी 4484 से अपने घर ग्राम कुल्हरिया आ रहा था। करीबन 11.20 बजे झलप-बागबाहरा रोड चैनसिंह साहू के वेल्डिंग दुकान के सामने ग्राम पचरी के पास पहुंचने पर पचरी की ओर से आ रहे मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 9839 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल बजाज प्लेटिना को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना में प्लेटिना में सवार चालक रामाधर दीवान के सिर, माथे, पैर में व कृष्णा दीवान के सिर, माथे में चोट आई। जिसमें कृष्णा दीवान की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल रामाधर दीवान को ईलाज हेतु सरकारी अस्पताल तुमगांव ले जाया गया, जहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**हिंदू संगठन के लोगों ने किया इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत**

# आर्य वीर दल शिविर की भव्य शोभायात्रा निकली





हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

गुरुकुल आश्रम आमसेना खरियार रोड में 15 अक्टूबर को आर्य वीर दल शिविर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। खरियार रोड नगर में 1500 से 2000 हिंदू संगठन के लोगों ने इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया।

हिंदू वाहिनी संगठन के युवकों ने अपने मोटरसाइकिल से ट्रैक्टर से इस शोभायात्रा को चार चांद लगा दिया। स्वामी डॉ.देवव्रत के पावन सानिध्य में, अध्यक्ष स्वामी धर्मानंद सरस्वती के पावन सानिध्य और आशीर्वाद से भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वामी व्रतानंद सरस्वती, आचार्य कुंजदेव, आचार्य सुरेश कुमार, आचार्य दिलीप कुमार, आचार्य अनंत की विशेष उपस्थिति रही।

आर्य वीर दल के उद्देश्य संस्कृति रक्षा शक्ति संचय और सेवा कार्य को ध्येय तथा जीवन का आदर्श प्रतिष्ठापित करते हुए शिविरार्थियों ने बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं अन्य राज्यों के 300 शिवार्थियों ने भाग लिया है। इन्हें प्रशिक्षित करने के लिए संतोष कुमार, आचार्य कोमल, योगेंद्र उपाध्याय, रूपेश सहित अनेक लोगों ने आशीर्वाद दिया। आर्य वीर दल के संचालक डॉ कुंजदेव मनीषी के पावन संयोजन में यह कार्यक्रम संचालित हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को व्यायाम, योगासन, लाठी चाकू कराटे, यज्ञों एवं विभिन्न प्रकार के जीवन के उन्नति विषयक प्रशिक्षण दिए गए हैं।

जिसका बहुत सुंदर ढंग से प्रदर्शन किया। सनातन धर्म को पुनः प्रतिष्ठा करने के लिए। शांति संपन्नता उत्तम स्वास्थ्य समाज राष्ट्र निर्माण विज्ञान के साथ पूर्ण रूप से प्रशिक्षण देने के लिए यह कार्यक्रम आर्य समाज की ओर से चलाया जा रहा है।

## फोटो खींचने के बहाने महिला के गहने पार

**महासमुंद।** आवास योजना के नाम पर महिला को झांसा देकर दो लोगों ने 35 हजार रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिए। इन दिनों अब ग्रामीण इलाकों में घर के पुरुष बाहरी कामों में जुटे रहते हैं। महिलाओं को अकेला पाकर ऐसे गिरोह महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। आवास योजना का झांसा देकर महिला का फोटो खींचने के नाम पर उलझाकर दो लोगों ने 35 हजार रुपए के गहने चोरी कर लिए। मामला तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम साल्हेभांठा का है। पुलिस को प्रार्थिया जानकी साहू पति बंशीलाल साहू ने बताया कि 14 अक्टूबर को मोटर सायकल में अज्ञात दो आदमी मेरे घर आई और बोले कि आवास आया है फोटो खिंचवाना है। उनके ऐसा कहने पर महिला फोटो खिंचवाने चली गई। दोनों ने कहा कि जो सोने-चांदी का गहनों पहना हुआ उसे निकाल दो, फोटो ठीक से नहीं आ रहा है। जिस पर प्रार्थिया ने पहने हुए गहने को निकालकर रख दिया और फोटो खिंचवाने लग गई। फिर उन लोगों ने राशन कार्ड मांगा। कुछ देर बाद देखा तो मेरे गहने उस जगह नहीं थे। इधर, दोनों आदमी मेरे घर से तुरंत चले गए। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपियों ने उसके एक जोड़ी कान के सोने के टॉप्स, 4 गेहूं दाना व एक सोने का लाकेट पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 35,000 रुपए को चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
**9981131365, 9098324969**

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री साव ने किया आवेदनों और समस्याओं का तत्काल निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित रहकर 100 से ज्यादा आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। श्री साव ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और अन्य विभागों के आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। सहायता केंद्र में भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, रूपनारायण सिन्हा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू और आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय शंकर मिश्रा, भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई उपस्थित रहे।

### महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन



**रायपुर।** विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुरुष के पथ संचलन के बाद दूसरे दिन महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन किया गया। राष्ट्र सेविका समिति विश्व का सबसे बड़ा महिला संघटन है। राष्ट्रहित राष्ट्रकार्य में यह संगठन गत 88 वर्षो से कार्यरत है। समिति के द्वारा अनुशासन, देशभक्ती, सेवा भाव से संपूर्ण भारत में 1000 से अधिक सेवा कार्य चलते हैं। यह संगठन 1936 में विजयादशमी को लक्ष्मीबाई केलकर के द्वारा स्थापित किया गया था। उसी के उपलक्ष्य में विजया दशमी के सुअवसर पर सुसंगठित शक्ति के दर्शन के लिए हर वर्ष राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथसंचलन आयोजित किया जाता है। इस वर्ष का पथ संचलन अवन्ति विहार के विद्या निकेतन विद्यालय से आरंभ हुआ। इस संचलन में 225 महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### विश्वकर्मा को दिया गया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा को राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री दर्जा दिया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार के लिए प्रदान किया है। उन्हें नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रशासकीय विभाग यानि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में नगरीय निकायओं और पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुशंसा करने इस आयोग का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर किया गया है।

### ब्राह्मण समाज से बनाएं प्रत्याशी, भाजपा-कांग्रेस से रखेंगे मांग

**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव को ज्ञापन सौंपकर आगामी होने वाले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी दिए जाने का पुरजोर मांग की जाएगी। इसके बाद रावणभाठा से कारों के काफिले के साथ शंकर नगर स्थित राजीव भवन पहुंचकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्राह्मण समाज के अरुण शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, नटराज शर्मा, राजेंद्र दुबे एवं चंद्रप्रकाश ब्यास, सुरेश शुक्ल का कहना है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में ब्राह्मण समाजजन बड़ी संख्या में निवास करते हैं। सही मायने में इस विधानसभा में ब्राह्मण समाज सबसे बड़े मतदाता के रूप में है, जिनका अन्य सभी समाज के साथ बराबर का समन्वय वर्षों से बना हुआ है।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी तय करने भाजपा की तैयारी

## अचानक कोर ग्रुप की बैठक में दावेदारों के नामों पर मंथन, दिल्ली भेजा जाएगा पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए ऐलान होने से पहले ही भाजपा की प्रत्याशी की घोषणा करने की तैयारी है। रविवार को अचानक दिल्ली से नामों का पैनल भेजने के निर्देश आने के बाद आनन-फानन में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक बुलाकर दावेदारों के नामों पर चर्चा की गई। आधा दर्जन से ज्यादा नामों पर चर्चा के बाद नामों का पैनल भेजने की तैयारी है। इसी के साथ चुनाव की घोषणा से पहले क्या तैयारी करनी है, इसको लेकर भी रणनीति बनाई गई।

भाजपा के जानकारों का कहना है कि दिल्ली में जल्द ही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज-कल में होने वाली है। ऐसे में दिल्ली से फोन आया कि रायपुर दक्षिण के लिए जो भी दावेदार हैं, उनके नामों पर चर्चा करके पैनल भेजा जाए। ऐसे में अचानक भाजपा कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बस्तर में होने के कारण बैठक में शामिल भी नहीं हो सके।

जो भी सदस्य रायपुर में थे, उनको फोन करके तत्काल में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर बुलाया गया। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय, पूर्व अध्यक्ष और विधायक विक्रम उसेंडी, धरमलाल कौशिक, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और रामू रोहरा बैठक में शामिल हुए।



### दावेदारों के नामों पर मंथन

भाजपा में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार हैं। इनमें रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी का भी नाम है। इसी के साथ नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे और आरएसएस के विभाग प्रचारक रहे स्वर्गीय जगदीश जैन के पुत्र एवं वर्तमान में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी अवधेश जैन भी शामिल हैं। इनके नामों पर चर्चा करते तय किया गया कि नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजना है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन जिन भी राज्यों में उपचुनाव होने हैं, वहां पर चुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी उसी तरह से तय करने की तैयारी में है, जिस तरह से विधानसभा चुनाव में चुनाव की घोषणा से पहले प्रत्याशी तय किए गए थे।

## मंत्रालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी बैठक

# कैबिनेट की बैठक आज लिए जाएंगे कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में होगी। कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी के लिए बनी उपसमिति की रिपोर्ट पेश की जाएगी। वहीं निकाय चुनावों के लिए बनी समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा करने के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है। वही विभागों द्वारा पेश किए गए अन्य प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में इस साल होने वाली धान खरीदी की तारीखों पर निर्णय लिया जाएगा। धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 30 सितंबर को हुई थी। समिति की बैठक चर्चा की गई कि दीपावली का पर्व इस साल 31 अक्टूबर को है। राज्य के किसान पर्व को लेकर तैयारी में व्यस्त रहेंगे। उसके बाद छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का कार्यक्रम होना है। ऐसे में धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक इंतजाम पर असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए इस बार धान की खरीदी को 15 नवंबर से कराए जाने पर चर्चा की गई है। अब कैबिनेट उप समिति के सुझाव के आधार पर खरीदी की की तारीख तय होगी। पिछले साल 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वहीं इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का फैसला उपसमिति ने किया गया है, इस पर भी मुहर लगेगी। वहीं राज्य स्थापना दिवस, दीपावली पर्व के चलते 1 नवंबर के बजाय 4 नवंबर से समारोह का आयोजन किए जाने पर मुहर लगेगी। राज्योत्सव के दौरान होने वाले अलंकरण समारोह और अन्य मामलों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

### निकाय और पंचायत चुनाव का भी प्रस्ताव

राज्य सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना का अध्ययन करने के लिए आईएएस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है। बताया जाता है कि कमेटी ने दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की अनुशांसा की है। अब कैबिनेट समिति की अनुसंशा के आधार पर इस संबंध में निर्णय लेगी।

# बैज बोले- सूरजपुर की घटना बर्दाश्त के बाहर, सरकार लाचार

## सूरजपुर की घटना सरकार की लापरवाही का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सूरजपुर की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही का परिणाम है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नहीं, इसीलिये अपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। सरकार अपराधियो पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा, प्रदेश की क़ानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है। अब तो हत्या अपराध की घटनाएं बर्दास्त के बाहर हो गयी हैं। सरकार निकम्मी और लाचार बन गयी है। राज्य में जनता इतनी मजबूर हो गई कि अपराधियों का हिसाब खुद करने पर आमादा है। लोहारीडीह और अंबिकापुर में यही हुआ। राज्य में अपराधी इतने ज्यादा बेलगाम हो चुके हैं कि उनसे अब पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं। सूरजपुर आज का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा, पुलिस अपराध तो रोक नहीं पा रही, उलटे निर्दोष लोगों को प्रताड़ति कर रही है। अर्जुन्दा में एक निर्दोष युवक की इतनी पिटाई की गयी कि उसकी हालत देख कर उसके पिता की मृत्यु हो गयी। कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस की लापरवाही से तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण देते हैं, इसलिये अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### ये क्या हो रहा है हमारे छत्तीसगढ़ में : बघेल

सूरजपुर घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। उन्होंने ट्विट कर कहा, लगने लगा है कि शांति का टापू कहे जाने वाले हमारे प्रदेश से कानून नाम की चीज समाप्त हो चुकी है। सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या कर दी गई। उसी हत्यारे ने इस घटना से पहले एक आरक्षक पर गर्म तेल उड़ेला था। जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। घरों में आगजनी की घटनाएं सुनकर व्यथित हूं। कवर्धा के लोहारीडीह में भी यही हुआ था, इससे पहले लोगों ने कलेक्टोरेट में आग लगा दी थी। मैं सभी से शांति की अपील करता हूं और विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे क़ानून व्यवस्था अपने हाथों में न लें। शासन प्रशासन से स्थिति नियंत्रित करने की अपेक्षा है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल, केंद्र ने आठ सड़कों के लिए मंजूर किए 892 करोड़

## 6 जिलों में 324 किमी सड़क का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का आदेश

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़क खंडों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। खास बात ये है कि भारत सरकार ने सोमवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।

### इन 8 जिलों में बनेंगी सड़कें

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। इस राशि से बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिले में आठ सड़क खंडों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन होगा। भारत सरकार द्वारा मंजूर की गई 892 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से बेमेतरा और मुंगेली जिले में नांदघाट-मुंगेली सड़क खंड में 39 किलोमीटर लंबाई और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क खंड में 43 किलोमीटर लंबाई का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव-चौकी-मोहला मानपुर सड़क खंड में 96.2 किलोमीटर, जशपुर जिले के बागबहार-कोतबा सड़क खंड में 13.5 किलोमीटर, लुड़ेंग-तपकरा-लावाकेरा सड़क खंड में 41 किलोमीटर और जशपुर-आस्टा-कुसमी सड़क खंड में 28 किलोमीटर लंबाई के मजबूतीकरण का कार्य भी इनमें शामिल हैं। बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी-सरवानी-पसीद-अमलडिहा-बरतोरी-दगोरी सड़क खंड के 32.8 किलोमीटर तथा राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी सड़क खंड के 30.4 किलोमीटर का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य भी इस राशि से किया जाएगा।

# पीएससी इंटरव्यू स्थगित, फिर से बनेगा पैनल, साक्षात्कार इसके बाद, लौटे अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित किया जाने वाला साक्षात्कार स्थगित कर दिया गया है। नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति किए जाने के बाद बोर्ड का पुनर्गठन करने का फैसला किया गया है। बोर्ड में नए सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद ही साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण होंगी। सरकार ने रविवार को ही पूर्व आईएएस रीता शांडिल्य को नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद यह आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि राज्य सेवा परीक्षा-2023 के तहत विभिन्न विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर भर्ती होनी है। मुख्य परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद साक्षात्कार की तिथि पीएससी द्वारा घोषित कर दी गई थी। इसके लिए निर्धारित दस्तावेज सत्यापन 14 अक्टूबर अर्थात सोमवार से होना था। कई अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए नया रायपुर स्थित कार्यालय भी पहुंचे, लेकिन उन्हें लौटना पड़ा। वहीं इसके लिए साक्षात्कार 15 अक्टूबर अर्थात आज से प्रारंभ होने थे। इसे भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तिथि अभी घोषित नहीं की गई है।

### रविवार को रीता शांडिल्य को नियुक्त किया गया था कार्यकारी अध्यक्ष




### उठ रहे थे सवाल

पीएससी बोर्ड में शामिल व्यक्ति ही साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा होते हैं। पीएससी की विवादित पिछली भर्तियों में भी ये सदस्य साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा थे। इनमें से कई के कॉल डिटेल सहित अन्य तरह की जांच सीबीआई द्वारा कराए जाने की भी सूचना है। इसे लेकर सवाल उठ रहे थे। अब अंततः बोर्ड के पुनर्गणन का निर्णय लिया गया है।

### नई तिथियों की घोषणा शीघ्र ही

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार संशोधित साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन की नई तिथियों की घोषणा जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पैनल गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कुछ पुराने नामों को इनमें से हटाया जा सकता है। कई नए सदस्यों को भी जोड़े जाने की तैयारी है। इस प्रक्रिया में पखवाड़े भर से अधिक का समय लग सकता है। माहांत में त्योहार के कारण शासकीय अवकाश रहेगा। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि साक्षात्कार अगले माह के बाद ही होंगे।

# एनआरआई कोटे का मामला पहुंचा राजभवन, कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी उठाए सवाल, कार्यवाही की मांग

## कांग्रेस-भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने गवर्नर को भेजा पत्र, करोड़ों की धांधली की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूर के रिश्तेदारों के सर्टिफिकेट के आधार पर निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे से एडमिशन का मामला राजभवन तक पहुंच गया है। करोड़ों रुपए की धांधली की आशंका के साथ कांग्रेस के साथ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी इस आवंटन पर सवाल खड़े किए हैं। मामले की गहराई से जांच और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करने के साथ जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग भी की जा रही है।

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने गवर्नर रामेन डेका को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर आशंका जताई है कि एनआरआई कोटे की सीट इस प्रमाणपत्र की आड़ में अपात्रों को एक से डेढ़ करोड़ में बेची जा रही है। दोनों पार्टियों के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पंजाब हाईकोर्ट के फैसले को सही करार देते हुए नाना, मामा, मौसी, बुआ जैसे रिश्तेदारों के विदेश में रहने के नाम पर सर्टिफिकेट तैयार कर एनआरआई सीट प्राप्त करने की प्रक्रिया को फर्जीवाड़ा माना गया था और इस पर तत्काल रोक लगाने की तल्ख टिप्पणी भी की थी।

### हरिभूमि की खबर का असर, एनआरआई कोटे पर महाधिवक्ता से मांगी राय, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- होगी आवश्यक कार्यवाही



### चिकित्सा शिक्षा के जिम्मेदारों पर हो कार्वाई

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने इस मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से चल रहे इस मामले में करोड़ों का बंदरबाट हुआ है, जिसकी जांच कर वास्तविकता सामने लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग के जो अधिकारी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### आदेश की अवमानना

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 24 सितंबर को टिप्पणी की थी। इसके बाद 27 सितंबर से राज्य में काउंसिलिंग की प्रक्रिया वर्ष 2018 के नियमानुसार प्रारंभ की गई है, जो सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना प्रतीत होती है। इसमें आदेश का पालन करते हुए अप्रवासी छात्रों का प्रवेश निरस्त किया जाए। एक निर्धारित तिथि तक कोटे के विद्यार्थी उपलब्ध नहीं होने पर इसमें नीट उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश देने का मौका दिया जाए।

# 55 नई एवं 4 पुरानी राशन दुकानों के लिए मंगाए आवेदन, जल्द होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर नगर निगम क्षेत्र में उचित मूल्य की 55 नई राशन दुकाने खुलेंगी। इसके लिए खाद्य विभाग ने 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए हैं। इससे पूर्व राजधानी में 228 दुकाने संचालित हैं। नई दुकानों के खुलने के बाद राशन दुकानों की संख्या बढ़कर 287 हो जाएगी। नई दुकानों के अलावा 4 पुरानी दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। ये चारों दुकाने अभी तक अटैच में थी। इन दुकानों का अलग-अलग कारण से आबंटन निरस्त किया गया था। हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलने में परेशानी न हो, इसका ख्याल करते हुए इन चारों दुकानों को दूसरी समितियों में अटैच किया गया था। अब इन अटैच दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

### 32 वार्डों में खुलेंगी 55 नई दुकानें

शहर में 55 नई दुकानों को खोलने के लिए वार्ड तय कर लिए गए हैं। इसके तहत 55 नई दुकाने 32 वार्डों में खोली जाएंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन वार्डों में राशन दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 500 से ज्यादा है। उसे ध्यान में रखते हुए वार्ड में नई दुकानें खोली जा रही हैं।

### 59 दुकानों के लिए मंगाए गए आवेदन

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई सहित 59 राशन दुकानों के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### सूरजपुर की घटना निंदनीय : राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हुई घटना को निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और बेटी की हत्या कर दी गई, जो पुलिस आम जनता की रक्षक है वह अपने परिवार की रक्षा कर नहीं पा रही है। इससे जो गुंडा तत्व है, उनके हौसले और बुलंद हो जाते हैं। यह सरकार की कमजोरी है। छत्तीसगढ़ में गुंडा तत्व और सामाजिक तत्वों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। अन्य राज्यों की तरह असामाजिक तत्वों पर कड़ी लगाम की जरूरत है। कार्रवाई कर आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### जनसमस्या निवारण शिविर 16 को सिर्री में

**धमतरी।** आमजनों की शिकायत, समस्या और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर 16 अक्टूबर को कुरूद विकासखण्ड के ग्राम सिर्री में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

### दावा-आपत्ति 20 तक

**धमतरी।** वर्ष 2024-25 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पाए गए पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन आईडी अथवा अपना नाम एवं जन्म तिथि अंकित कर पात्र-अपात्र की स्थिति देख सकते हैं।

### राज्य स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश

**धमतरी।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पूर्व में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा हेतु 1 नवम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उन्होंने जिले में 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

**निर्देश :** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# राशन कार्डों के ई-केवाईसी और नवीनीकरण में तेजी लाएं: लंगेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



राशन कार्ड नवीनीकरण और ई केवायसी में तेजी लाने के निर्देश जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मगलवार को समय सीमा की बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताह के प्रथम दिन में सभी अधिकारी अपने मुख्यालय में बैठकर कार्य संपादित करें। किसी आवश्यक कार्य के लिए अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोड़े। साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण समाधान और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे, आशीष कर्मा सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने सभी जनपद सीईओ, सीएमओ एवं विकासखंड खाद्य अधिकारियों को शेष रह गए राशन कार्ड के नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी हर हफ्ते लक्ष्य के अनुसार शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही मृत, पलायन व्यक्तियों के नाम अति शीघ्र विलोपित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को 31 अक्टूबर के पूर्व प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। इसी तरह विशेषकर बसना, सरायपाली और पिथौरा विकासखंड में इस प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पीएम जनमन के तहत कमार परिवारों के सभी हितग्राहियों के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी प्राथमिकता के साथ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का आधार कार्ड अपडेट नहीं है, शिविर लगाकर उनका आधार कार्ड भी अपडेट करें। खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूल, आंगनवाड़ी और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशानुसार जिन भी वाहनों को 15 वर्ष से अधिक हो गया है उनके स्क्रैपिंग के लिए ऑनलाईन एंट्री करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता मिशन आदि की समीक्षा की गई।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए लाभान्वित करना है।

उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 39 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत लाफिनकला की तीजिया बाई साहू ने शौचालय निर्माण के लिए, बिरकोनी के भोजराम निषाद ने शासकीय घास भूमि पर कृषि कार्य के लिए रास्ता देने के लिए आवेदन सौंपे। इसी प्रकार बागबाहरा कमरौद के छबिलाल पटेल ने प्रधान किसान सम्मान निधि की राशि प्रदाय करने, तिलाईदादर के राजेंद्र साहू ने नवीन राशन कार्ड बनाने तथा पिथौरा दलालखार से दुर्जन गोड़ ने लंबित प्रकरण की सुनवाई के लिए आवेदन सौंपे। साथ ही जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, राशन कार्ड सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

### बॉक्स

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से तुमगांव मुख्य सड़क ओव्हरब्रिज के नीचे अम्बेडकर चौक से बेमचा गायत्री मंदिर तक के सड़क मरम्मत की मांग जनदर्शन में कलेक्टर से की गई है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में बेमचा के ग्रामवासियों ने कहा कि तुमगांव जाने वाली मुख्य सड़क ओव्हरब्रिज के नीचे अम्बेडकर चौक से बेमचा गायत्री मंदिर तक के सडक पर किया गया डामरीकरण विगत 2-3 माह से उखड़ गया है और सैकड़ों जगह गड्ढे हो गये है।

जहां पर आये दिन सभी दो पहिया वाहन, सायकल सवारी एवं पैदल राहगीरों को आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना कर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। विभाग द्वारा विगत 15 दिन पूर्व नाम मात्र खाना पूर्ति हेतु कुछ जगह के गड्ढों पर केवल साधारण गिट्टी को ही डाली गई थी वह भी उखड़ गई है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण किए जाने की मांग की है।

# रेत खदानों का आज से संचालन शुरू

## अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से कुल 35 लाख 40 हजार से अधिक की राजस्व वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले में खनिज विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से 08 रेत खदानों का आबंटन किया गया था। जिसमें बरबसपुर रेत घाट तथा बड़गांव रेत घाट का संचालन मानसून अवधि के पूर्व किया जा रहा था। पर्यावरण विभाग के गाईड लाईन के अनुसार मानसून अवधि के पश्चात 16 अक्टूबर से 4 अन्य रेत खदान क्रमशः लाफिनखुर्द, लामीसरार, मुडियाडीह, बल्दीडीह का संचालन किया जाएगा। ग्राम मुरकी में आबंटित रेत खदान पर्यावरण सम्मति के लिए प्रक्रियाधीन है। रेत भंडारण के लिए ग्राम बरबसपुर 04 भंडारण अनुज्ञप्ति एवं ग्राम बिरकोनी 05 भंडारण अनुज्ञप्ति स्वीकृत किया गया है। जिले में कुल 17 अस्थायी भंडारण अनुज्ञा स्वीकृत किए गए हैं।

खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध खनिज अवैध उत्खनन के कुल 07 प्रकरणों में कुल राशि 10 लाख 26 हजार 500 रुपए एवं अवैध परिवहन के कुल 85 प्रकरणों में कुल राशि 14 लाख 85 हजार 486 रुपए तथा अवैध भंडारण के कुल 14 प्रकरणों में 10 लाख 28 हजार 250 अर्थदण्ड राशि वसूल की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह सितम्बर तक अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से कुल राशि 35 लाख 40 हजार 236 रुपए राजस्व की वसूली की गई है। ग्राम बिरकोनी में दामोदर चंद्राकर स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्ति को छग खनिज नियम 2009 (परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण) के तहत नियमों के उल्लंघन पर निरस्त किया गया।

# भाजपा ने 10 माह के कार्यकाल में रचा कर्ज लेने का इतिहास:विनोद

## डबल इंजन वालों को कर्ज लेने की आवश्यकता क्यों पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- यही हाल रहा तो सिर से पांव तक कर्ज में डूब जाएगा छत्तीसगढ़

पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज को प्रदेश के लिए बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार इसी तरह कर्ज लेती रही तो प्रदेश का हर व्यक्ति कर्ज तले दब जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि महज 10 माह के कार्यकाल में भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने छत्तीसगढ़ पर 25 हजार करोड़ का कर्ज चढ़ा दिया है। यह कर्ज सरकार ने अपने 7 माह के कार्यकाल अवधि तक ही ले लिया था। वहीं आगामी खरीफ सीजन में धान खरीदी के लिए 37 हजार करोड़ रुपए कर्ज लेने का प्रस्ताव बनाया गया था, जिसमें से 25 हजार करोड़ रुपए की कर्ज पर प्रस्ताव भी पारित कर लिया गया है।



चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में भाजपा के छोटे से बड़े नेता यह कहते नहीं थकते थे कि धान खरीदी तो केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। फिर कर्ज किस बात के लिए लिया जा रहा। अब उन्हें बताना चाहिए कि केंद्र व राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार है, फिर उन्हें कर्ज लेने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है।1 साल के भीतर ही भाजपा की सरकार ने 50 हजार करोड़ से भी अधिक कर्ज लेने का इतिहास रच डाला। वर्तमान सरकार द्वारा इसी प्रकार कर्ज लिया जाता रहा तो आगामी 5 साल में प्रदेश पर 3 लाख करोड़ रुपए कर्ज बढ़ जाएगा। जिससे छत्तीसगढ़ सिर से पैर तक कर्ज में डूब जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि एक ओर साय सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है, दूसरी ओर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान आम जनता को राहत देने शुरू की गयी योजनाओं को भी बंद कर दिया गया। बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, जमीन रजिस्ट्री में 30 परसेंट की छूट खत्म कर दी गई, 18 लाख पीएम आवास नहीं दे पा रहे, सरकारी कर्मचारियों को वेतन, भत्ता नहीं दे पा रहे, संविदा कर्मियों को 8-9 माह से वेतन नहीं मिल पाया है, रसोइयो, मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूह की महिलाओं का मानदेय नहीं दिया जा रहा, अस्पतालों में स्टाफ की भर्ती नहीं की जा रही, दवाइयों की सप्लाई नहीं की जा रही, 30 हजार शिक्षकों की भर्ती की बात पूर्व मंत्री व वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा कही गई थी, जो ठंडे बस्ते में चला गया है, नौकरी के अवसर नहीं दिया जा रहा, सरकार बनने के बाद से फूटी कौड़ी का विकास कार्य नहीं कराया। लेकिन, कर्ज लेने में कोई कमी नहीं की जा रही।

# कलेक्टर ने की जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की वृहद समीक्षा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार की सुबह 10 बजे की। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाए इसके लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरतें। आने वाले त्योहारी सीजन में सभी थानों में शांति समिति की बैठक आहूत की जाए। जिससे शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण निर्मित रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित परिस्थिति के लिए अलर्ट रहें। साथ ही कहा कि कार्यक्रमों के आयोजन में गरिमा का ध्यान रखते हुए अश्लील और फुहड़ता से दूर रहें। उन्होंने कहा कि नागरिकों और प्रशासन के बीच आपसी विश्वास का रिश्ता मजबूत रहें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध माइनिंग उत्खनन भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करें। निरीक्षण के लिए अनुविभाग स्तर पर टास्क फोर्स गठन करने के भी निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि मजिस्ट्रियल ड्यूटी के दौरान अधिकारी फील्ड में स्वयं उपस्थित रहकर निगरानी करें। उन्होंने कहा कि आबकारी और पुलिस की टीम हाईवे ढाबा पर नियमित पेट्रोलिंग करते रहें। ढाबों या दुकानों में शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि त्यौहारी सीजन में मिठाई दुकानों में भी सैंपल लेकर मिलावट या मापदंड के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करते रहें।

कलेक्टर ने कहा कि पटाखा दुकानों को ऐसी जगह पर खोलने की अनुमति दी जाए, जहां सुरक्षा के मानकों का पालन किया जा सके। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से निगरानी करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही व्यवसायियों से निर्धारित सीमा रेखा के भीतर ही दुकान लगाने के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी, खनिज एवं आबकारी विभाग भी मौजूद रहे।

# विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर विद्यालयों में हुआ शपथ ग्रहण

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, समाज कल्याण विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत तुमगांव, भोरिंग, बेमचा और एकलव्य आवासीय विद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और छात्रों को नशे से मुक्त भारत बनाने की दिशा में प्रेरित करना था।ग्राम पंचायत बेमचा में खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे की उपस्थिति में नशामुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने 50 से अधिक खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को नशामुक्त अभियान की शपथ दिलाई। इसी प्रकार नगर पंचायत तुमगांव में डॉ. सुनील कुमार भोई के नेतृत्व में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के माध्यम से अभियान चलाया गया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में भी नशामुक्त अभियान के तहत छात्रों को शपथ दिलाई गई। एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में प्राचार्य महेंद्र टंडन और खेलो इंडिया सेंटर के प्रशिक्षक एवन कुमार साहू ने भी इस अभियान को सक्रिय रूप से समर्थन दिया। इस दौरान लगभग 400 छात्रों और स्टाफ ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ली। इस पूरे अभियान का उद्देश्य नशामुक्त भारत की दिशा में जन जागरूकता फैलाना और युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना था।




विनम्र श्रद्धांजलि



-जन्मतिथि- 02.02.1949
स्व. श्रीमती श्यामा बाई सिन्हा
-स्वर्गवास- 16.10.2021

आज 16 अक्टूबर तृतीय पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

सादगी, सेवा, सरलता, सत्यता, आत्मविश्वास, धर्मनिष्ठ, सहृदयता... सदैव आपके इन्हीं पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

शोकाकुल परिवार- मोहनलाल सिन्हा (पति), रघुनाथ-श्रीमती इंदिरा सिन्हा, दुर्गाप्रसाद-श्रीमती सरिता सिन्हा, शंकरलाल-उमा सिन्हा, परसराम-धनेश्वरी सिन्हा (पुत्र-पुत्रवधु), श्रीमती पुष्पा-गणेशराम सिन्हा, लक्ष्मी-रामनाथ सिन्हा, संतोषी-सुरेश सिन्हा, अमृता-गिरिराज सिन्हा (पुत्री-दामाद), जागेश्वर-श्रीमती आशा सिन्हा, कौशल-रेणु सिन्हा, आशीष-रीतू सिन्हा, लेखराम-नीलिमा सिन्हा, पंकज-रूपा सिन्हा (नाती-नाती बहू), भारती, उज्जवल, अभिषेक, प्रदीप, सिमरन, प्रतीक्षा, आर्यनराज, मिस्टी, शानू (पोता-पोती) एवं समस्त सिन्हा परिवार


# एसडीएम ने किया बागबाहरा स्थित होटलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



दीपावली पर्व के दृष्टिगत रखते हुए बागबाहरा स्थित मेसर्स-यू साईं होटल, मेसर्स साईं होटल, मेसर्स दशमेश होटल बागबाहरा का सोमवार को औचक निरीक्षण एवं जांच एसडीएम द्वारा किया गया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त, रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश कुमार साहू के नेतृत्व में मौके पर एसडीएम उमेश कुमार साहू के निर्देश पर मेसर्स साईं होटल बस स्टैंड से पेड़ा एवं मलाई कतली तथा मेसर्स न्यू साहू होटल से जलेबी एवं कलाकंद तथा मेसर्स अग्रवाल एंड कंपनी मेन रोड बागबाहरा से घी का नमूना संकलित किया गया है। होटल एवं मिष्ठान्न प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं तथा गुणवत्ता युक्त मिठाई विक्रय करने के सख्त निर्देश दिए गए है। गुणवत्ता जांच के लिए संकलित खाद्य नमूनों को रायपुर स्थित प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में दीपावली पर्व को देखते हुए यह कार्रवाई जारी रहेगी। खाद्य नमूना संकलन एवं आदि निरीक्षण का कार्य क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा किया गया। मौके पर कौशल साहू नमूना सहायक उपस्थित रहे।

### हाई-हायर सेकंडरी स्कूलों में परीक्षा 11 नवंबर से

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल मुख्य एवं अवसर परीक्षा नवम्बर 2024 की परीक्षा 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर तक आयोजित होगी। शासकीय उमावि के एसडी दास ने बताया कि हायर सेकण्डरी की परीक्षा11 नवंबर से 27 नवंबर तक और हाईस्कूल की परीक्षा 13 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित होगी।


NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*



₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलाम की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन के नाम से विख्यात, महान वैज्ञानिक व भारत रत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### झिटकी में शरद पूर्णिमा आज



**नर्रा।** बागबाहरा ब्लाक के ग्राम झिटकी में बुधवार को प्रतिवर्षानुसार क्वांर माह के शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए बर चौक स्कूल पारा में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी हिच्छा पोटिया एवं नीम चौक में साराबोंग ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है। धार्मिक मान्यतानुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है, इसलिए पूर्णिमा रात को चंद्रमा की रोशनी में खीर बनाई जाती है। इस अवसर पर सभी दर्शकों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बकमा में रंगारंग कार्यक्रम आज



**बागबाहरा।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर आदर्श ग्राम पंचायत बकमा में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। अध्यक्षता वीणा मिलन साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा, विशिष्ट अतिथि मनिता विशाल नायक उपसरपंच, विशेष अतिथि समस्त पंचगण, संरक्षक-सफी मोहम्मद, बलराम साहू (ग्राम अध्यक्ष), हेमलाल गणबेर (सचिव), सुरेंद्र साहू होंगे। शाम 6 बजे से रामलीला एवं रावण वध होगा। वहीं रात्रि 10 बजे लोक बयार गंगा साहू आरंग की प्रस्तुति होगी।

### आयोजन: बेसिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हुई कार्यशाला

# रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- कार्यशाला में संस्थानों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा





शासकीय पॉलिटेक्निक में बेसिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत साप्ताहिक कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला का विषय एडवांसमेंट इल रोबोटिक्स रहा, जो 14 से 19 अक्टूबर 2024 तक आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य फैकल्टी सदस्यों को रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और कौशल से अवगत कराना है। कार्यशाला का उद्घाटन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. वीनू चंद्राकर एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हेमंत कुमार महोबिया (मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) के सहयोग से आयोजित हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, डॉ. शोभा मालीवाल विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग विभाग, सालिक धीवर व्याख्याता, आनंद साहू, शारदा चरण गुप्ता, रितेश दुबे, नीलकमल साहू, वैभव वर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों से आए प्रतिभागी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने का अवसर प्राप्त किया। प्रथम सत्र में डॉ. राजेश डोरिया असिस्टेंट प्रोफेसर एनआईटी रायपुर ने रोबोटिक्स के आधारभूत सिद्धांतों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा की। द्वितीय सत्र में डॉ. डोरिया ने रोबोटिक्स के भविष्य और इसके संभावित रोजगार के अवसरों पर भी जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में एमएसएमई भिलाई के सहयोग से प्रतिभागियों को रोबोटिक्स कीट के माध्यम से हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई, जिससे फैकल्टी सदस्यों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और वे इस क्षेत्र में और अधिक दक्ष हो सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मीकांत कराल और डॉ. नंदिता गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. शोभा मालीवाल विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने किया।

## रासेयो स्वयंसेवक ने 5 गांवों के लोगों को एड्स के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय एड्स जागरुकता कार्यक्रम डॉ नीता बाजपेयी राज्य रासेयो अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चयनित 10 ग्रामों में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं डॉ. मालती तिवारी कार्यक्रम नोडल व जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। प्रथम दिवस विशेष रूप से छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहायक संचालक नीतू मंडावी एवं सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा उपस्थित रहे।



प्रथम दिवस ग्राम मचेवा, परसट्ठी, खैरा, बेमचा एवं साराडीह में स्वयंसेवकों द्वारा गांव के चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्रत्येक गांव में 30- 30 नारा लेखन कार्य किया गया। नीतू मंडावी द्वारा एड्स संबंधित टोल फ्री नंबर 1097 के बारे अवगत कराया। साथ ही एड्स के कारण एवं उपाय को बताया गया। प्रत्येक ग्राम में जन जागरुकता रैली के माध्यम से एड्स के बचाव के लिए नारा लगाते हुए ग्रामीणों को एचआईवी रोग से बचने के उपाय को बताया गया। सभी पांच ग्रामों में लगभग 250 डोर टू डोर सर्वे कर स्वास्थ्य सर्वे एवं एड्स के प्रति लोगों को एड्स जानकारी ही बचाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूक किया गया। उक्त अभियान में महासमुंद ब्लॉक के 5 महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लगभग 100 स्वयंसेवक एवं 05 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पांचों ग्राम में लगभग 500 लोगों को एड्स के प्रति लाभान्वित किया गया। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी बीएड कॉलेज, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन बेलसोंडा, गायत्री चंद्राकर शांत्री बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता पीजी कॉलेज उपस्थित रहे। साथ ही सभी महाविद्यालय के स्वयंसेवक गोपी सिन्हा, शीतल देवांगन, लोकनाथ साहू, उर्मिला साहू, खुशबू साहू, कावेरी साहू, देवयानी, दामिनी, नीरज चंद्राकर, वेद प्रकाश, उगेश साहू सहित 100 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद:गालिब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

**आए दिन वारदात को बेखौफ दे रहे हैं अंजाम**



छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध एवं बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद ग़ालिब हुसैन ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह निरंकुश शासन हो चुकी है। पूरे छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन एक नए वरदात को बेख़ौफ़ अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों के ज़हन से शासन प्रशासन का खौफ बिल्कुल भी नहीं है। वर्तमान में भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ की आम जनता मंहगाई की मार से त्रस्त हो चुकी है। ऐसे प्रतीत हो रहा कि महतारी वंदन जैसे योजना का पैसा सरकार महंगाई बढ़ाकर आम जनता से वसूल कर रही है। यदि यही हाल रहा तो छत्तीसगढ़ की जनता रोड़ पर निकल सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हम वर्तमान भाजपा सरकार से मांग करते हैं तत्काल अपराधियों पर लगाम लगाई जाए एवं बढ़ती मंहगाई पर रोक लगाई जाए।

## उल्लास साक्षरता केंद्र के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



असाक्षरों को साक्षर बनाने की मुहिम में राज्य शासन के मंशा अनुरूप कलेक्टर व अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव एमएल सावंत, रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद द्वारा उल्लास केंद्र में असाक्षरों को अध्यापन कराने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

ज्ञात हो कि लीलाधर सिंह बीईओ महासमुंद, गजेंद्र ध्रुव एबीईओ व बीपीओ एवं ईश्वर चंद्राकर नोडल अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद ने योजना तैयार कर विकासखंड में सात जोन झलप, पटेवा, सिरपुर, तुमगांव, बरोंडाबाजार, शेर, बोरियाझर में स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जोनवार कुशल प्रशिक्षक सीमा यादव, झलप जोन खोरबाहरा सोनवानी, पटेवा जोन बाबूलाल ध्रुव, सिरपुर जोन गोपाल साहू, तुमगांव जोन खेमिन साहू, निहारिका चंद्राकर, बरोड़ाबाजार जोन लव निर्मलकर, दुर्गा यादव शेर जोन एवं भारती सोनी, डिगेश पुरेना द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को उल्लास केंद्र में असाक्षरों के अध्यापन के लिए तैयार उल्लास प्रवेशिका के माध्यम से कैसे सीखना है, उल्लास केंद्र में वातावरण का निर्माण कैसे करें, समुदाय की भूमिका, स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका सहित प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयंसेवी शिक्षकों में समझ बनाने का प्रयास किया गया है। जिसके माध्यम से असाक्षरों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य कर सके।

इसके अलावा उल्लास केंद्र के बेहतर संचालन और संचालन के दौरान कोई भी समस्या आए तो उसके तत्काल निराकरण करने के लिए जोनवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें स्वयंसेवी शिक्षक अपनी समस्या को रख सके और बीपीओ, नोडल अधिकारी और कुशल प्रशिक्षकों द्वारा त्वरित निराकरण हो सके। प्रशिक्षण पश्चात तत्काल उल्लास केंद्र के संचालन के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों को कहा गया है।

### खट्टा स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक हुई, तिमाही आंकलन के परिणाम की समीक्षा

# पांच उद्देश्यों सहित 15 मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद/पटेवा

ग्राम खट्टा में उच्च प्राथमिक स्तरीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित ग्राम खट्टा व कोकड़ी के पालक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इसमें पांच प्रमुख उद्देश्यों सहित विभागीय निर्देशानुसार 12 मुद्दों एवं स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर बेहतर परिणाम के लिए पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन प्रस्तावित था। जिसके अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खट्टा में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रस्ताव के प्रथम चरण में बच्चों के शारीरिक- मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक स्तर पर रणनीति तैयार की गई। जिसके लिए विद्यालय की भांति घर में भी समय विभाग चक्र बनाकर पालकों की निगरानी में बच्चों द्वारा क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव के द्वितीय चरण में बच्चों की समस्त गतिविधियों के बारे में एक बुकलेट तैयार कर पालकों को जानकारी देते हुए उस पर बिंदुवार चर्चा की गई। जिसके तहत तिमाही आंकलन, लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों की सूची व किए गए प्रयास, छात्रवृत्ति स्वीकृति संबंधी जानकारी, पाठ्यपुस्तक, गणवेश प्रदाय आदि को शामिल किया गया। शिक्षक घनश्याम कुमार द्वारा साधन, प्रयास परीक्षाओं से संबंधित जानकारी दी गई। प्रस्ताव के तृतीय चरण में बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए स्कूल की भांति घर में भी पालकों द्वारा बच्चों को अपनी निगरानी में पढने के अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया। प्रस्ताव के चतुर्थ चरण में ई ग्रेड प्राप्त बच्चों की समीक्षा की गई तथा उनके पालकों को बच्चों को पठन के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया गया। प्रस्ताव के पांचवें चरण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की गई तथा लंबे समय से अनुपस्थित बच्चों के पालकों से चर्चा की गई। इनके अलावा बच्चों के लिए घर में भी पढ़ने का स्थान चिन्हांकित करना, बच्चों की दिनचर्या सुनिश्चित करना, प्रतिदिन बच्चों से विद्यालयीन शिक्षण पर चर्चा करना, प्रार्थना सभा में बच्चों को अवसर देना, बच्चों की अकादमिक प्रगति की निगरानी करना, पाठ्यपुस्तक सहित विभिन्न पुस्तक उपलब्ध कराना, शनिवार के कार्यक्रम, बच्चों का पोषण व स्वास्थ्य परीक्षण, जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना, दीक्षा एप-ई जादुई पिटारा-डिजिटल लाईब्रेरी आदि मुद्दों पर चर्चा की गई तथा उपलब्ध बालिका शौचालय मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण पर चर्चा हुई एवं प्रस्ताव तैयार किया गया। बैठक में अध्यक्ष नामेश्वरी सेन सहित एसएमसी के सदस्य व पालक उपस्थित रहे। प्रधानपाठक ओम नारायण शर्मा ने बैठक का संचालन किया। पालकों ने भी अपने सुझाव दिए।



## ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता में शरीक हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत बरबसपुर सरपंच राधा कुलेश्वर भारती ने की। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि देवनाथ साहू, तुलस राम साहू, शिक्षक तीज नेताम, खेमराज साहू, डेरहा राम बरिहा रहे।



प्रतियोगिता की शुरुआत बजरंगबली और ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात आयोजन समिति के सदस्यों ने विधायक द्वारकाधीश यादव सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक द्वारकाधीश ने मानव जीवन में खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल अपने आप में स्वयं एक सामाजिक संगठन है। जब हम किसी भी खेल को खेलते हैं तो हमारे साथ खेलने वाले साथी खिलाड़ियों के साथ संगठित होकर एक समूह की तरह कार्य करते हैं। जिससे हमारे भीतर सामाजिक एवं संगठननात्मक कौशल का विकास होता है। वहीं यदि निजी रूप की बात कहें तो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में भी खेल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। साथ ही हमारे अंदर नेतृत्व गुण का विकास होता है। जिससे जीवन में संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि खेल हमें हमारे जीवन में नैतिकता और संयम धारण करने की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान भी प्रदान करते हैं, जो हमें आगे बढ़ाने में सदैव सहायक होती है। वही खेलों के आधार पर जीवनोपयोगी नियमों का भी आगमन होता है, जिससे हमारा जीवन अनुशासित और पुष्ट बनता है इसलिए हमें हमेंशा जीवन में कुछ न कुछ खेल खेलना, देखना और उसका अनुसरण करना चाहिए। ताकि, जीवन में नैतिक मूल्यों का समुचित ढंग से विकास हो सके और आपस में सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा प्राप्त हो। इस अवसर पर घनश्याम सेन, गिरधारी राजकुमार साहू, जेठूराम नेताम, टोकेश्वर साहू, जसराज साहू, तन सिंह साहू, टीकाराम साहू, दीनबंधु ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में मनाया सफेद छड़ी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा



फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा के प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने 15 अक्टूबर को विश्व सफेद छड़ी दिवस मनाया। कार्यक्रम में सभी दृष्टि बाधित छात्र-छात्राओं को हाथ में सफेद छड़ी लेकर चलिष्णुता प्रशिक्षण दिया गया। छात्र-छात्राओं ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वतंत्र रूप से जाना आना, आसपास के वातावरण को जानना आदि को अच्छी तरह से सीखा। उत्साह का अनुभव करते हुए आत्मनिर्भर एवं सम्मान का अनुभव किया। संस्था के संचालक निरंजन साहू ने विश्व सफेद छड़ी दिवस के बारे में विस्तृत में जानकारी देते हुए बताया कि सफेद छड़ी दृष्टि बाधितों की आजादी एवं गतिशीलता का प्रतीक है। यह उन्हें पूर्ण एवं स्वतंत्र जीवन जीने में मदद करती है। सफेद छड़ी में ऊपर हरा और नीचे लाल रंग होता है जो सुन एवं देख नहीं पाते उनके लिए होता है। वहीं जो सिर्फ देख नहीं पाते उनके लिए स्वेत छड़ी का उपयोग होता है। पूरे विश्व में 15 अक्टूबर को सफेद छड़ी दिवस दृष्टिबाधितों के प्रति जागरूकता लाने एवं उनके अधिकारों के लिए मनाया जाता है। संचालक निरंजन साहू के मार्गदर्शन में मनाए गए विश्व सफेद छड़ी दिवस कार्यक्रम में प्राचार्य रश्मि साहू, शिक्षकगण लक्ष्मी प्रिया साहू, पुष्पलता पटेल, ललिता साहू, पार्वती ठाकुर, वर्षा चक्रधारी, भूमिका यादव, प्रीति यादव, लोकनाथ धृतलहरे समेत समस्त स्टाफ बड़े उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

### उखरा में कबड्डी स्पर्धा आज से

**नर्रा।** जय चमरू मांझी स्पोर्ट्स क्लब ग्राम उखरा लामी के तत्वावधान में दो दिवसीय 16 और 17 अक्टूबर को कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है।







